## घुघरी तहसील के पेंशनर्स का सम्मान समारोह



**मंडला, देशबन्धु।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन म.प्र. की तहसील इकाई घुघरी में पेंशनर्स का सम्मान समारोह तहसील अध्यक्ष सी.एल. भलावी व सचिव गजानंद झारिया के संयुक्त प्रयास से उपप्रांताध्यक्ष सहजिला अध्यक्ष सुरेन्द कुमार जैन के मुख्य आतिथ्य, घुघरी सरपंच श्रीमति यशोदा मरावी की अध्यक्षता व श्रीमति गीता मरावी जिला जनपद सदस्य, कार्यकारिणी अध्यक्ष डॉ. गोपाल कछवाहा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद सुरेश्वर, संभागीय सचिव यशवंत डिके, सचिव बलराम पाल, कोषाध्यक्ष एस.एन. अली व मण्डला तहसील अध्यक्ष नागेन्द्रनाथ चौरसिया के विशिष्ट आतिथ्य में ग्राम पंचायत भवन में आयोजित किया गया।

मंचासीन अतिथियों व समस्त पेंशनरों के सम्मान पश्चात् नवागत पेंशनरों-हेमन्त तिवारी, रेवा राम ठाकुर, सी.एस. धुर्वे व के.के. तेकाम को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष भलावी के द्वारा स्वरचित रचना ''पेंशनर्स किसे कहते हैं'' कि प्रस्तुति के माध्यम से शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, पुलिस विभाग, कृषि विभाग व वन विभाग से सेवा निवृत्त कर्मचारियों के उत्कृष्ट योगदान का उल्लेख किया गया।

सचिव गजानंद झारिया ने घुघरी इकाई द्वारा किये जा रहे कार्यो का उल्लेख किया गया, वर्तमान सत्रावधि में चार स्वर्गीय पेंशनरों के परिवार जनो को पाँच-पाँच हजार की आर्थिक मदद प्रदाय की गई, यह संभव हुआ है, पेंशनरों के सहयोग से स्थापित कोष के ब्याज के माध्यम से। इसी क्रम में विधायक निधि से निर्मित पेंशनर्स भवन में अतिरिक्त सुविधाओं की पूर्ति हेतु राशि पेंशनरों के द्वारा जुटाई जा रही है।

उद्बोधन कड़ी में श्रीमति गीता मरावी जिला जनपद सदस्य ने अवकाश नगदीकरण के लाभ से शिक्षकों को वंचित किये जाने संबंधी बात रखी गयी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद सुरेश्वर, संभागीय सचिव डिके, कार्यकारी जिला अध्यक्ष डॉ. गोपाल कछवाहा ने संगठन की उपादेयता से अवगत कराया। यह आव्हान किया गया कि प्रत्येक पेंशनर्स कम से कम दो पेंशनरों को संगठन से जोड़ने का कार्य करें। जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार जैन ने 13 मई 2025 को स्थगित किये गये अंदोलन की पृष्ठभूमि व पांच सूत्री ज्ञापन की प्रमुख मांगों पर शासन की सहमति प्राप्त होने संबंधी बातो से अवगत कराया।

कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक मेंनेजर अर्जुन सिंह उइके की गरिमामय उपस्थिति रही। उनके द्वारा पेंशनरों के हितार्थ किये जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गई। समापन बेला में मंचासीन व उपस्थित 48 महिला पुरूष पेंशनरों को ''छतरी'' भेंट कर सम्मानित किया गया। तदुपरांत सभी सहभोज में सम्मिलित हुये।

## जिपं सीईओ ने किया प्रधानमंत्री जनमन आवास का निरीक्षण



**मंडला, देशबन्धु।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने मवई विकासखंड के भ्रमण के दौरान ग्राम इंद्री स्थित बैगा कॉलोनी में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने पूर्ण हो चुके आवासों के साथ-साथ अपूर्ण आवासों की भी विस्तृत जानकारी ली और निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान श्री कूमट ने निर्माण कार्य में तेजी लाने और गुणवत्तापूर्ण सामग्रियों का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शेष बचे आवास निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत ने बैगा समुदाय के लोगों से आत्मीय चर्चा की।

उन्होंने कहा कि विशेष रूप से बैगा महिलाओं को स्वसहायता समूहों से जुड़ने और इन समूहों के माध्यम से मुर्गी पालन, बकरी पालन सहित अन्य प्रकार के व्यवसाय करने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान सीईओ जनपद पंचायत मवई सहित संबंधित अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### सीईओ ने किया खेत-तालाब का निरीक्षण



**मंडला, देशबन्धु।** मवई क्षेत्र के भ्रमण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम नेवसा में खेत तालाब के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने कहा कि श्रमिकों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जाए। सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि हितग्राहियों को मत्स्य पालन के लिए प्रोत्साहित करें। सीईओ जिला पंचायत ने हितग्राहियों से बात कर उन्हें बहुउद्देशीय खेती अपनाने की सलाह दी। उन्होने कहा कि खेत-तालाब की मेढ़ पर अरहर सहित अन्य फसलों की पैदावार लें।

### लालपुर में जल संवर्धन पर केंद्रित हुई पानी की चौपाल



**मंडला, देशबन्धु।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट जनपद पंचायत मवई अंतर्गत ग्राम पंचायत लालपुर में जल संरक्षण और संवर्धन के उपायों पर केंद्रित 'पानी चौपाल' कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने जल बचाने के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया, जिसमें डकवेल रिचार्ज और अन्य पारंपरिक तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। सीईओ जिला पंचायत ने मनरेगा योजना के तहत खेत तालाब और परकोलेशन टैंक के माध्यम से वर्षा जल का अधिक से अधिक संचयन करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अमृत सरोवर, बावड़ी जीर्णोद्धार और नए कूपों के निर्माण पर भी विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

### भीम डोंगरी में नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण



**मंडला, देशबन्धु।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट ने भीम डोंगरी में 15वें वित्त के तहत किए जा रहे नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ श्री कूमट ने नाली के संरेखण गहराई, चौड़ाई और उपयोग की जा रही सामग्री की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्तापूर्ण सामग्रियों का उपयोग करने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि नाली निर्माण बारिश के पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत मवई सहित संबंधित उपस्थित थे।

### खलौड़ी में ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण

**मंडला, देशबन्धु।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट ने मवई क्षेत्र के भमण के दौरान खालौड़ी ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मानसून की शुरुआत से पहले सड़क का निर्माण कार्य को पूरा करने प्रयास करें। सीईओ श्री कूमट ने निर्माण स्थल पर कार्य की प्रगति का जायजा लिया और गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने पर जोर दिया।

## 20 जून तक एंटोनियो प्रतियोगिता, जिले की 20 जूनियर टीमों का चयन

**मंडला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ द्वारा जूनियर चाइल्ड वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता 15 से 22 जून तक महात्मा गांधी स्टेडियम मंडल में आयोजित की जा रही है। इस स्टेट नेशनल चौंपियनशिप के लिए नॉमिनेट फुटबॉल एसोसिएशन मंडला ने अपनी 20 जूनियर टीमों का चयन किया है। फुटबॉल कोच पंकज उसरा थे ने बताया कि इस जूनियर बालक वर्ग प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के आठवें पैनल से रिकॉर्ड भाग लेंगे। इनमें बालाघाट, मंडला, हिंद महासागर, बैतूल, बुरहानपुर, रायसेन, जबलपुर और सिवनी के रिकॉर्ड शामिल हैं। मंडला जिलों की टीमों के चयन के लिए मोहगांव, नैनपुर, मंडला, मवई और घुघरी विकासखंडों से 90 खिलाड़ियों ने चयन प्रक्रिया में भाग लिया था। डीएफए मंडला ने सीक्रल प्रतियोगिता के बाद 20 शानदार खिलाड़ियों का चयन किया। इन प्लेयर्स का हुआ सेलेक्शन जूनियर वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए पोस्टर में अनिवेश जैन, स्मार्च मार्को, रुद्र धुर्वे, कार्तिक कछवाह, अथर्व नामदेव, राकेश कोरचे, गोलू परते, कृष्ण कुमार, रोहित कुमार परते, शिवनारायण भारता, सुमित कुमार उइके, प्रिंस चिचाम, पंकज मरावी, प्रदुम शर्मा, सौरभ वरकड़े, शिवम शर्मा, अंश उसराठे और ओमी चौहान शामिल हैं।

उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन की हार्दिक शुभकामनाएँ जिला फुटबॉल संघ के डॉ. दिलीप शर्मा, वेद प्रकाश कुलस्ते, अनिल सोनी, सत्यनारायण अग्रवाल, सुनील सराफ, मतीन खान, समीर बाजपेयी, देवेन्द्र सरौते, पवन नंदा, राजवीर, कुशल भवेदी, मुजवी हसन, अभिषेक यादव, प्रथम चौकसे और नगर के सभी खेल प्रेमियों ने अपने भविष्य के अच्छे प्रदर्शन के लिए विशेष शुभकामनाएं दीं। सभी को उम्मीद है कि मंडला की टीम इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगी।

## सीईओ द्वारा प्रस्तावित एप्रोच रोड का निरीक्षण

**मंडला, देशबन्धु।** सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने शनिवार को मवई विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम कुंडेला में प्रस्तावित एप्रोच रोड का निरीक्षण किया। सीईओ श्री कूमट ने ग्राम कुंडेला में प्रस्तावित एप्रोच रोड के निर्माण स्थल का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत मवई सहित संबंधित उपस्थित है।

## उमाशंकर अध्यक्ष, बैसाखू बने उपाध्यक्ष



**मंडला, देशबन्धु।** बीते दिनों नगर के निषादराज मंगल भवन में ढीमर मांझी समाज की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसहमति से निर्णय लेते हुए समाजिक कार्यकर्ता उमाशंकर गुड्डू सिंधिया को अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता बैसाखू नंदा को उपाध्यक्ष चुना गया है। वहीं बैठक में उपस्थित समाजिक लोगों ने निर्णय लिया कि बाकि पदाधिकारियों की नियुक्ति भी शीघ्र की जायेगी। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष उमाशंकर सिंधिया ने कहा कि समाज में एक जुटता के साथ सुख दुख में शामिल होना साथ ही समाजिक बुराईयों को समाप्त कराना उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि समाज में रोजगार के साथ नशामुक्ति पर भी काम किया जाएगा। इस दौरान दीनानाथ रैकवार, रमेश नंदा, शेखर सिंधिया, श्रीलाल नंदा, थामन बरमैया, दुलीचंद नंदा, अशोक नाविक, रामकृपाल नंदा, पदमा नंदा, मनोज नंदा, परसराम नंदा, बद्री नंदा, संतोष बर्मन, अनिल माझी, सगनू नंदा सहित अनेक समाजिक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जिपं. सीईओ ने मोतीनाला की लखपति दीदियों से की चर्चा



**मंडला, देशबन्धु।** मवई विकासखंड का भ्रमण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने ग्राम मोतीनाला में स्व-सहायता समूह की ष्लखपति दीदीष् से मुलाकात की। सीईओ कूमट ने इन सफल महिलाओं के साथ आत्मीय चर्चा की और उनके अनुभवों को जाना। सीईओ श्रेयांश कूमट ने ष्लखपति दीदियोंष् से संवाद उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों, सफलता की कहानियों और चुनौतियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में किए गए प्रयासों की सराहना की और उन्हें भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि स्व-सहायता समूह बहनें स्वयं के प्रयासों से सशक्त और आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ग्राम की अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करें। इस दौरान सीईओ जनपद पंचायत मवई सहित संबंधित उपस्थित थे।

## सीईओ जिला पंचायत ने जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का किया निरीक्षण

**मंडला, देशबन्धु।** मवई विकासखण्ड के भ्रमण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने शनिवार को लालपुर कीकरा में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सार्वजनिक कूप और डगवेल रिचार्ज पिट के कार्यों का निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत ने कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ने कहा कि मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद कुओं की समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कूप में क्लोरीनेशन करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत मवई सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

**सीईओ जिला पंचायत ने**




**महिलाओं के साथ तैयार किए सीड बॉल-** मवई विकासखंड अंतर्गत ग्राम लालपुर में जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभिनव पहल श्बीजांकुर अभियान (बीज से वृक्ष तक)श् कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने महिलाओं के साथ स्वयं भी सीड बॉल बनाए। सीईओ जिला पंचायत ने महिलाओं से चर्चा करते हुए कहा कि बीजांकुर अभियान को सफल बनाने में आप सभी बहनों का सहयोग आवश्यक है। बनाये जा रहे इन सीड बाल को मानसून आने पर खाली भूमि पर स्थापित करते हुए पर्यावरण संरक्षण की इस पहल में अपना योगदान देना है।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**भुआ बिछिया मंडला ।** स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र बिछिया में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 8 जून को किया गया है। जिसकी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं सभी रोगों के चिकित्सकों को आमंत्रित किया गया है । जो निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं जांच सहित नि: शुल्क चिकित्सा की जाएगी, शिविर में भोजन की व्यवस्था की गई है ।यह स्वस्थ शिविर सीता राम जी महाराज योगी राज हॉस्पिटल के तत्वाधान मे आयोजित किया जा रहा है इस अवसर पर सत्य नारायण खंडेलवाल विधायक नारायण सिंह पट्टा सहित अनेक कार्य करता यहां शिविर स्थल पर कार्य करेंगे।

## दीपों से जगमगाई प्राचीन बावड़ी, मनाया उत्सव

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कुमट के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मध्यप्रदेश जन परिषद मंडला द्वारा महाराजपुर संगम घाट स्थित बावड़ी में बावड़ी उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर परम पूज्य संत भीमदेव आचार्य काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल एवं मां नर्मदा गौशाला जिलहरी घाट, गाजीपुर, परम पूज्य साध्वी मनीषा दीदी सिलपुरा आश्रम मंडला, सी.एल. वर्मा संयुक्त कलेक्टर एवं राजेंद्र चौधरी जिला समन्वयक शामिल हुए। मां नर्मदा जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी ने रखी। संत भीमदेव जी आचार्य ने कहा कि बावड़ियाँ वर्षा के पानी को एकत्रित करने और भूजल स्तर को बनाए रखने के लिए बनाई जाती थीं। शुष्क क्षेत्रों में, वे जल उपलब्धता में मौसमी उतार-चढ़ाव से निपटने में मदद करते थे। इसी कड़ी में पूज्य साध्वी मनीषा दीदी ने कहा कि बावड़ियाँ सामाजिक मेलजोल के लिए एक जगह थीं, क्योंकि वे अपने आसपास के इलाकों की तुलना में ठंडी रहती थीं और लोगों को गर्मी से राहत मिलती थी। कार्यक्रम में महाराजपुर संगम घाट की प्राचीन बावड़ी को रंग रोगन, रंगोली, दीपों एवं लाईट से सजाया गया, साथ ही उपस्थित अतिथियों द्वारा पूजन अर्चन किया गया तत्पश्चात मां नर्मदा जी की आरती कर





प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान विकासखंड समन्वयक संतोष कुमार झारिया, अनिल कुमार मेहरा, श्रीमती कीर्ति कुरील, श्रीमती सीता उईके, कार्यालय स्टॉप शशि भूषण, बसंत नागेश्वर, समस्त मेंटर्स, समस्त छात्र-छात्राओं, समस्त नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधिगण, प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधिगण एवं स्थानीय शहर वासियों की उपस्थिति रही।

**उन्नीसवीं शताब्दी में बनायी गयी थी महाराजपुर की बावड़ी-** बाबडी का निर्माण कार्य ईस्वी सन 1890 का बताया जाता हैं, इस बावड़ी की संरचना ऐसी हैं कि इसमें नर्मदा जलधारा हमेशा बनी रहती हैं।